# उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट

**14–अशोक मार्ग शक्ति भवन (वि0),**
**लखनऊ**

Email id: cpftrust.2004@gmail.com Website-www.uppst.org


पत्र सं0 /81/सी0पी0एफ0 ट्रस्ट/पारे0इका0/सामा0पत्रा0 दिनांक 16/03/2021

**परिपत्र सं0: सी0पी0एफ0/06/2021**

अध्यक्ष (ट्रस्ट) महोदय के अनुमोदनोपरान्त निदेशक (वित्त), उ0प्र0पा0का0लि0 एवं ट्रस्टी के कार्यालय ज्ञाप सं0–1038/ट्रस्ट/पी0सी0एल0/सी0पी0एफ0/18 दिनांक 06.03.2019 द्वारा अंशदायी भविष्य निधि योजना से आवरित कार्मिकों की सी0पी0एफ0 लेखापर्ची एवं अंतिम भुगतान सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण कार्य को डिस्कॉम स्तर पर विकेन्द्रीकृत करने का निर्णय लिया गया था। उक्त विकेन्द्रीकरण के पश्चात् अंशदायी भविष्य निधि योजना से आवरित कार्मिकों का अन्तर्निगमीय स्थानान्तरण होने की स्थिति में स्थानान्तरित कार्मिकों की सी0पी0एफ0 लेखापर्ची निर्गत किये जाने हेतु निम्नवत् प्रक्रिया निर्धारित की जाती है:–

1. विकेन्द्रीकरण के पश्चात् डिस्कॉम लखनऊ/वाराणसी/आगरा/मेरठ,केस्को–कानपुर, उ0प्र0पा0का0लि0 एवं उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 की नियन्त्रणाधीन इकाइयों में तैनात अं0भ0नि0 योजना से आवरित कार्मिकों का एक डिस्कॉम/कम्पनी से दूसरे डिस्कॉम/कम्पनी में स्थानान्तरित होने की स्थिति में सम्बन्धित वित्तीय वर्ष में वेतन भुगतान माह (अन्तिम माह) मार्च में कार्मिक के सी0पी0एफ0 अंशदान के आधार पर सम्बन्धित डिस्कॉम/कम्पनी द्वारा सी0पी0एफ0 लेखापर्ची निर्गत करने की कार्यवाही की जाएगी।
2. स्थानान्तरण वित्तीय वर्ष से पूर्व के वित्तीय वर्ष में कार्मिक की सी0पी0एफ0 लेखापर्ची निर्गत करने वाले डिस्कॉम/कम्पनी द्वारा सम्बन्धित कार्मिक के सी0पी0एफ0 खाते का अंतिम अवशेष एवं अग्रेतर की गई कटौतियों का सत्यापित विवरण सम्बन्धित डिस्कॉम/कम्पनी, जिनके द्वारा अग्रेतर वित्तीय वर्षों की लेखापर्ची निर्गत की जानी है, को उपलब्ध कराया जायेगा।
3. बिन्दु सं0–2 के अनुसार प्राप्त अंतिम अवशेष एवं अग्रेतर कटौतियों के सत्यापित विवरण को सम्बन्धित डिस्कॉम/कम्पनी द्वारा लेखापर्ची निर्गमन सॉफ्टवेयर में सीधे प्रविष्ट करते हुए अग्रेतर वित्तीय वर्षों की लेखापर्ची निर्गत करने की कार्यवाही की जायेगी।
4. यदि कार्मिक एक से अधिक डिस्कॉम/कम्पनी की अधीनस्थ इकाइयों में तैनात रहा है, तो प्रत्येक डिस्कॉम/कम्पनी द्वारा अपनी अधीनस्थ इकाई के अन्तर्गत कार्मिक के सेवाकाल से सम्बन्धित वित्तीय वर्ष का अन्तिम अवशेष एवं अग्रेतर माह की कटौतियों का विवरण अग्रेतर तैनाती इकाई के डिस्कॉम/कम्पनी को उपलब्ध कराना होगा। इसी प्रकार यह प्रक्रिया अग्रेतर अपनायी जायेगी, जिससे कार्मिक की सी0पी0एफ0 लेखापर्ची निर्गतकरने की कार्यवाही सम्बन्धित डिस्कॉम/कम्पनी द्वारा की जा सके।
5. डिस्कॉम लखनऊ/वाराणसी/आगरा/मेरठ, केस्को कानपुर की नियन्त्रणाधीन इकाइयों का वर्ष 2004–05 से 2019–20 तक का सी0पी0एफ0 डाटा सम्बन्धित डिस्कॉम द्वारा ई0आर0पी0 में माइग्रेट कराया जाएगा एवं उ0प्र0पा0का0लि0 एवं उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 की नियन्त्रणाधीन इकाइयों का वर्ष 2004–05 से 2019–20 तक का सी0पी0एफ0 डाटा ट्रस्ट कार्यालय द्वारा ई0आर0पी0 में माइग्रेट कराया जायेगा।

सी0पी0एफ0 से आवरित कार्मिकों का वर्ष 2004–05 से 2019–20 तक का सी0पी0एफ0 डाटा ई0आर0पी0 में माइग्रेट होने तक, अन्तर्निगमीय स्थानान्तरित कार्मिकों की सी0पी0एफ0 लेखापर्ची निर्गमन हेतु, प्रत्येक डिस्कॉम/कम्पनी द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाएगा।

**अविनाश चन्द्र पाण्डेय**
**सचिव (ट्रस्ट)**

**पत्र सं0 372 /81/सी0पी0एफ0 ट्रस्ट/पारे0इका0/सामान्य पत्र/तद्दिनांकः–**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निदेशक (वित्त)/निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निदेशक (वित्त)/निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक (वित्त)/निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), मध्यांचल/पूर्वांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ/वाराणसी/आगरा/मेरठ।

4. अधिशाषी निदेशक (वित्त), उ0प्र0पा0का0लि0 / उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. मुख्य महाप्रबन्धक (लेखा सम्प्रेक्षा एवं प्रशासन), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. मुख्य महाप्रबन्धक (लेखा), दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा।
7. महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), मध्यांचल / पूर्वांचल / पश्चिमांचल / दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0 / केस्को, लखनऊ / वाराणसी / आगरा / मेरठ / कानपुर।
8. उपमहाप्रबन्धक (लेखा), परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय, (सा0प्र0), महानगर, लखनऊ।
9. उपमहाप्रबन्धक (लेखा), परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय, (पारे0 मध्य / पश्चिम / उ0पू0 / द0पू0 / द0पश्चिम / द0मध्य), लखनऊ / मेरठ / गोरखपुर / प्रयागराज / आगरा / झाँसी, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0।
10. उपसचिव, अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट, शक्ति भवन (वि0), लखनऊ।
11. लेखाधिकारी, (मुख्यालय भुगतान इकाई / केन्द्रीय भुगतान प्रकोष्ठ) शक्ति भवन (वि0), लखनऊ।
12. लेखाधिकारी (सी0पी0एफ0), मध्यांचल / पूर्वांचल / पश्चिमांचल / दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0 / केस्को, लखनऊ / वाराणसी / आगरा / मेरठ / कानपुर।
13. लेखाधिकारी (प्रथम / द्वितीय), अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट, शक्ति भवन (वि0), लखनऊ।
14. अधिशासी अभियंता, वेबसाइट, उ०प्र०पा०का०लि० शक्ति भवन, लखनऊ।

**(अविनाश चन्द्र पाण्डेय)**
**सचिव (ट्रस्ट)**